# HINDI

**(Second Language)**

***Maximum Marks : 80***

***Time Allowed : Three Hours***

***Answers to this Paper must be written on the paper provided separately.***

*You will **not** be allowed to write during the first 15 minutes.*

*This time is to be spent in reading the question paper.*

***The time given at the head of this Paper is the time allowed for writing the answers.***

---

***Section A** is compulsory - **All** questions in **Section A** must be answered.*

*Attempt any **four** questions from **Section B**, answering at least **one** question each from the two books you have studied and **any two** questions from the same books you have studied.*

*The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ].*

---

## SECTION—A (40 Marks)

*Attempt **all** questions from this Section.*

**Question 1**

Write a short composition in **Hindi** of approximately **250** words on any **one** of the following topics :— [15]

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग **250** शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए :—

(i) 'प्लास्टिक मुक्त भारत स्वच्छ भारत' इस अभियान को सफल बनाने हेतु सरकार के तथा अपने प्रयासों पर एक प्रस्ताव लिखिए।

(ii) समाज में फैली समस्याओं में मँहगाई तथा जनसंख्या वृद्धि एक गंभीर समस्या है। इसके कारणों तथा दुष्परिणामों का उल्लेख करते हुए यह भी बताइए कि सरकार तथा जनता इससे मुक्त होने के लिए क्या-क्या प्रयास कर रही है ? अपने विचारों को प्रस्ताव के रूप में लिखिए।

(iii) भारत विविधताओं (Diversity) का देश है, यहाँ के प्रत्येक राज्य (State) की अपनी ही विशेषताएँ है' विषय को ध्यान में रखते हुए किसी एक राज्य की यात्रा का वर्णन करें तथा वहाँ के खान-पान, रहन-सहन तथा प्राकृतिक-सौन्दर्य को स्पष्ट करते हुए प्रस्ताव लिखिए।

(iv) 'कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती' पंक्ति से आरम्भ करते हुए अपने जीवन से सम्बन्धित एक मौलिक कहानी लिखिए।

(v) नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर कोई लेख, घटना अथवा कहानी लिखिए, जिसका सीधा व स्पष्ट संबंध चित्र से होना चाहिए :–



**Question 2**

Write a letter in **Hindi** in approximately **120** words on any **one** of the topics given below :— [7]

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर **हिंदी** में लगभग **120** शब्दों में पत्र लिखिए :—

(i) इस बार आपने आज़ादी का अमृत महोत्सव एक अनाथ-आश्रम में छोटे बच्चों के साथ मनाया उन बच्चों के साथ बिताए हुए पल तथा खुशियों का वर्णन करते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए।

(ii) आपने 'एम.आई.' (MI) कम्पनी अथवा किसी अन्य कम्पनी का मोबाइल 'ऑनलाईन' खरीदा था। उसमें कुछ खराबी आ गई है वह अभी 'गारंटी टाईम' में भी है उसे बदलने का अनुरोध करते हुए उस कंपनी के प्रबन्ध को पत्र लिखिए।

**Question 3**

Read the passage given below and answer in **Hindi** the questions that follow, using your own words as far as possible :—

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर हिंदी में दीजिए। उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए :—

बसंत ऋतु का आगमन हो चुका था, परंतु कोयल और मोर उदास थे। जंगल के राजा ने एक जाँच आयोग का गठन करवाया जिसका प्रमुख कौवा बनाया गया। जाँच द्वारा पता चला कि कोयल और मोर एक ही घर की मुंडेर पर बैठे थे कि तभी उनकी नजर घर पर चल रहे टेलीविज़न पर पड़ी, जिस पर नृत्य का कार्यक्रम दिखाया जा रहा था। दोनों ही बड़े चाव से कार्यक्रम देखने लगे। नृत्यांगना मोर पंख पहनकर नाच रही थी, गायिका मधुर स्वर में गा रही थी। कार्यक्रम की समाप्ति पर दोनों को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम देखकर दोनों उदास हो गए। वे सोचने लगे कि हम दिन रात मधुर वाणी और मनमोहक अदाओं से सबका मन बहलाते हैं, पर हमारी प्रशंसा में किसी ने कुछ नहीं कहा।

कौवे को जब इन बातों का पता चला तो उसने दोनों को समझाया कि पक्षियों में सबसे अधिक निरादर की भावना से मुझे देखा जाता है। मेरे सारे गुणों को ताक पर रख दिया जाता है। हम आसपास से गंदगी साफ कर देते हैं। हम अन्य पक्षियों की तरह झगड़ते नहीं है। हमारे जैसा भाईचारा तो मनुष्यों में भी नहीं होता। जब हमारा साथी मर जाता है तो हम सभी एकत्र होकर काँव-काँव कर अपना दुख प्रकट करते हैं। हम मित्रों और मेहमानों के आगमन की सूचना देते हैं। लोग हमारी कद्र नहीं करते। गीता के उपदेश की तरह हम अपने कार्य को करते हैं, फल की इच्छा नहीं करते। क्या तुम आज तक प्रशंसा और पुरस्कार के लिए गाते और नाचते रहे। इस पर्यावरण को खुश रखने में क्या तुम्हारी सबसे अहम भूमिका नहीं है ?

कौवे की बातें उन दोनों की समझ में आ गई। उसी समय जंगल में काले बादल छां गए। कोयल और मोर झूम-झूम कर नाचने और गाने लगे। सारे जंगल में खुशी की लहर दौड़ गई। उनके साथ-साथ सभी पशु-पक्षी, पेड़-पौधे झूमने, गाने और चहचहाने लगे। मोर नाचता रहा, उसके आँसू बहते रहे। कौवे ने कहा, भगवान कृष्ण तुम्हारे पंख अपने सिर पर लगाते हैं। क्या इससे भी बढ़कर तुम्हारा पुरस्कार हो सकता है ? इसी भाव से कोयल को भी समझाया कि तुम ही तो बसंत के आगमन

की सूचना देती हो। आमों की बहार आने की खुशियाँ देती हो। यह सब सुन कर दोनों की आँखों में खुशी के आँसू थे।

(i) मोर और कोयल क्यों उदास थे ? [2]

(ii) जंगल के राजा ने उनकी उदासी का पता लगाने के लिए क्या किया ? [2]

(iii) कौवे ने अपना उदाहरण क्या कह कर दिया ? [2]

(iv) कौवे की बातों का दोनों पर क्या प्रभाव पड़ा ? [2]

(v) उन्हें अपने-अपने पुरस्कार किस रूप में प्राप्त हुए थे ? [2]

**Question 4**

Answer the following according to the instructions given below :—

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :— [8]

(i) 'आदि' का विलोम :

(a) आरम्भ

(b) इत्यादि

(c) अन्त ✓

(d) श्री गणेश

(ii) 'अग्नि' का पर्यायवाची :

(a) अनल - अनिल

(b) वासर - पावन

(c) पावक - अनल ✓

(d) पवन - पाहुना

(iii) 'मीठा' की भाववाचक संज्ञा :

(a) मिठाई

(b) चीनी

(c) मिश्रित

(d) मिठास ✓

(iv) 'श्रम' का विशेषण :

(a) श्रमिक

(b) आश्रमिक

(c) श्रममय

(d) श्रमण

(v) 'शोसण' का शुद्ध रूप :

(a) सोशण

(b) सोषण

(c) शोषण

(d) षोसण

(vi) 'पापड़ बेलना' मुहावरे का अर्थ :

(a) काम करना

(b) संघर्ष करना

(c) निश्चिन्त होना

(d) लज्जित होना

(vii) निर्देशानुसार उचित वाक्य :

निर्गुण भक्ति के अनुसार ईश्वर का कोई आकार नहीं है। (रेखांकित वाक्यांश हेतु एक शब्द का प्रयोग कीजिए।)

(a) निर्गुण भक्ति के अनुसार ईश्वर साकार हैं।

(b) निर्गुण भक्ति के अनुसार ईश्वर निराकार हैं।

(c) निर्गुण भक्ति के अनुसार ईश्वर ओंकार हैं।

(d) निर्गुण भक्ति के अनुसार ईश्वर निर्विकार हैं।

(viii) निर्देशानुसार उचित वाक्य :

हमें तैरना नहीं आता (हमें के स्थान पर 'हम' का प्रयोग कीजिए)

(a) हम तैरना नहीं सकता।

(b) हम तैर नहीं सकता।

(c) हम तैरना नहीं जानते।

(d) हम तैर नहीं पाता।

## SECTION—B (40 Marks)

*Questions from only **two** of the following textbooks are to be answered.*

*Attempt **four** questions from this Section.*

*You must answer at least **one** question from each of the **two** books you have studied and any **two** other questions from the same books that you have chosen.*

## साहित्य सागर : संक्षिप्त कहानियाँ

## SAHITYA SAGAR : SHORT STORIES

### Question 5

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर **हिंदी** में लिखिए :—

महत्त्व मूर्ति के रंग रूप या कद का नहीं, उस भावना का है वरना तो देशभक्ति भी आजकल मजाक की चीज़ होती जा रही है। दूसरी बार जब हालदार साहब उधर से गुजरे तो उन्हें मूर्ति में कुछ अंतर दिखाई दिया। ध्यान से देखा तो पाया कि चश्मा दूसरा है।

**नेताजी का चश्मा : स्वयं प्रकाश**

**Netaji Ka Chashma : Swayam Prakash**

(i) यहाँ किस मूर्ति की बात की जा रही है ? वह मूर्ति कहाँ स्थित थी ? [2]

(ii) पहली बार हालदार साहब ने मूर्ति पर कैसा चश्मा देखा था ? दूसरी बार उन्हें चश्मे में क्या परिवर्तन दिखाई दिया था ? [2]

(iii) 'कौतुक' का अर्थ लिखकर बताइए कि हालदार साहब का कौतुक क्यों बढ़ने लगा ? उन्होंने किस व्यक्ति से क्या प्रश्न किया और क्यों ? [3]

(iv) मूर्तिकार का नाम बताइए। हालदार साहब के अनुसार मूर्तिकार द्वारा मूर्ति पर पत्थर का चश्मा न बना पाने के क्या-क्या कारण हो सकते थे ? [3]

**Question 6**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखें प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :—

"भारत के भिन्न-भिन्न प्रदेशों में छोटा-मोटा व्यवसाय, नौकरी और पेट पालने की सुविधाओं को खोजता हुआ जब तुम्हारे घर आया, तो मुझे विश्वास हुआ कि मैंने घर पाया।"

**संदेह : श्री जयशंकर प्रसाद**

**Sandeh : Shri Jayshankar Prasad**

(i) 'मैं शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है ? यहाँ वक्ता किसके घर की बात कर रहा है ? [2]

(ii) वक्ता घर किसे समझता था और क्यों ? [2]

(iii) वक्ता अपने जीवन की सच्चाई बताते हुए क्या-क्या कहता है ? [3]

(iv) प्रस्तुत पाठ के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए। [3]

**Question 7**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखें प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :—

ज्यों-ज्यों चुनाव समीप आता, भेड़ों का उल्लास बढ़ता जाता।

ज्यों-ज्यों चुनाव समीप आता, भेड़ियों का दिल बैठता जाता।

**भेड़ें और भेड़िए : श्री हरिशंकर परसाई**

**Bhedein or Bhediya : Shri Harishankar Parsai**

(i) चुनाव कहाँ होने वाला था और क्यों ? [2]

(ii) भेड़ों के उल्लसित होने का क्या कारण था ? क्या उनका उल्लास चिर स्थायी रहा ? [2]

(iii) 'दिल बैठना' मुहावरे का अर्थ लिखिए। भेड़ियों का दिल बैठने का क्या कारण था ? क्या उन का दिल बैठना उचित था ? [3]

(iv) 'भेड़ें और भेड़िए' कहानी वर्तमान प्रजातांत्रिक चुनाव प्रणाली का सच्चा स्वरूप प्रस्तुत करती है - कैसे ? पाठ के उदाहरण से कथन को स्पष्ट कीजिए। [3]

## साहित्य सागर : पद्य भाग
## SAHITYA SAGAR : POEMS

**Question 8**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखें प्रश्नों के उत्तर **हिंदी** में लिखिए :—

जन्मे जहाँ थे रघुपति, जन्मी जहाँ थी सीता।
श्री कृष्ण ने सुनाई, वंशी, पुनीत गीता।।
गौतम ने जन्म लेकर, जिसका सुयश बढ़ाया।
जग को दया दिखाई, जग को दीया दिखाया।
वह युद्धभूमि मेरी, वह बुद्धभूमि मेरी।
वह जन्मभूमि मेरी, वह मातृभूमि मेरी।।

**वह जन्मभूमि मेरी : श्री सोहनलाल द्विवेदी**

**Vah Janmbhoomi Meri : Shri Sohanlal Dwivedi**

(i) रघुपति कौन थे ? उनका जन्म किस युग में हुआ था ? [2]

(ii) गीता में क्या उपदेश दिया गया है ? यह उपदेश किसने दिया था ? [2]

(iii) 'गौतम' का परिचय देते हुए बताइए कि उन्होंने संसार को क्या सन्देश दिया था तथा मातृभूमि के यश को किस प्रकार से बढ़ाया था ? [3]

(iv) प्रस्तुत कविता में कवि ने इस देश की धरती को पुण्य भूमि तथा धर्मभूमि की संज्ञा क्यों दी है, इसको स्पष्ट करते हुए कविता में निहित देश की मुख्य विशेषताएँ भी लिखिए। [3]

**Question 9**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखें प्रश्नों के उत्तर **हिंदी** में लिखिए :—

खीजत जात, माखन खात।
अरुण लोचन, भौंह टेड़ी, बार-बार जम्हात।।
कबहुँ रुनझुन चलत घुटुरन, धूर-धूसर गात।
कबहुँ झुक के अलक खेंचत, नैन जल भर लात।
कबहुँ तुतरे बोल बोलत, कबहुँ बोलत तात।
'सूर' हरि की निरखि सोभा, निमिख तजत न मात।।

**सूर के पद : सूरदास**

**Sur Ke Pad: Surdas**

(i) प्रस्तुत पद में सूरदासजी ने कृष्ण के किस रूप का चित्रण किया है तथा कृष्ण की झल्लाहट का क्या कारण है ? [2]

(ii) कृष्ण झल्लाहट में क्या-क्या कर रहे है ? [2]

(iii) सूर की भक्ति-भावना बताते हुए उनका संक्षिप्त परिचय लिखिए। [3]

(iv) पद के आधार पर निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए :- [3]

लोचन, धूल-धूसर, गात, निरखि, तजत, घुटुरन।

**Question 10**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखें प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :—

साथ दो बच्चे भी हैं सदा हाथ फैलाए,
बाँए से वे मलते हुए पेट को चलते
और दाहिना दया दृष्टि पाने की ओर बढ़ाए।
भूख से सूख ओंठ जब जाते,
दाता-भाग्य, विधाता से क्या पाते ?
घूँट आँसुओं के पी कर रह जाते।

**भिक्षुक : सूर्यकांत त्रिपाठी निराला**

**Bhikshuk : Suryakant Tripathi Nirala**

(i) भिक्षुक के साथ कौन-कौन हैं और उन की हालत कैसी है ? [2]

(ii) 'दया दृष्टि' का क्या अर्थ है ? उन्हें इस की आवश्यकता क्यों हैं ? [2]

(iii) भिक्षुक को देखकर कवि को महाभारत का कौनसा पात्र याद आता है और क्यों ? [3]

(iv) 'घूँट आँसुओं के पी कर रह जातें' - इस पंक्ति का भाव स्पष्ट करते हुए लिखिए कि लाचार और जरूरतमंदों के लिए मन में प्रेम और संवेदना होना क्यों आवश्यक है ? [3]

## नया रास्ता : सुषमा अग्रवाल

## NAYA RASTA : SUSHMA AGARWAL

**Question 11**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखें प्रश्नों के उत्तर **हिंदी** में लिखिए :—

उसके हृदय में तूफान उठता कि वह एक लड़की जरूर है, परन्तु उसके अन्दर हिम्मत तथा साहस है। मीनू अभी अपनी पढ़ाई में तल्लीन थी कि अचानक उसे ख्याल आया कि परसों उसे नीलिमा की शादी में जाना है।

(i) मीनू बचपन से पढ़ाई में कैसी थी ? अभी वह कौन-सी पढ़ाई कर रही थी ? [2]

(ii) मीनू ने नीलिमा की शादी में कितने दिन पहले जाने का निश्चय किया ? तथा विवाहोपलक्ष्य में उसे भेंट देने के लिए मीनू ने क्या खरीदा ? [2]

(iii) नीलिमा कौन थी ? उसकी शादी कहाँ हो रही थी ? मीनू के पूछने पर उसने अपने होने वाले पति के बारे में क्या-क्या बताया ? [3]

(iv) नीलिमा के विवाह में मीनू द्वारा गाए गए मधुर गीत की प्रशंसा करने वाला नवयुवक कौन था ? उसके मुँह से अपनी प्रशंसा सुनकर मीनू प्रसन्न क्यों नहीं हुई ? [3]

**Question 12**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखें प्रश्नों के उत्तर **हिंदी** में लिखिए :—

वैसे हमारे यहाँ शादी के बाद तो दावत होती नहीं हैं पहले ही मढ़े पर सब बिरादरी वालों और जान-पहचान वालों को खाना खिला देते है।

(i) वक्ता कौन है ? उनके यहाँ किसकी शादी की क्या-क्या तैयारियाँ चल रही हैं ? [2]

(ii) उपन्यास में 'बड़े घर की बेटी' कहकर किसे संबोधित किया गया है ? उसका संक्षिप्त परिचय दीजिए। [2]

(iii) धनीमल ने अपनी बेटी के विवाह में दहेज देने के लिए मायाराम जी के समक्ष क्या प्रस्ताव रखा ? मायाराम जी को उनकी किस बात पर क्रोध आ गया और क्यों ? [3]

(iv) 'नया रास्ता' उपन्यास में लेखिका ने किस सामाजिक कुप्रथा पर प्रकाश डाला है ? आपके अनुसार इसे रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका किसकी हो सकती है ? उदाहरण सहित बताइए। [3]

**Question 13**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—
निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखें प्रश्नों के उत्तर **हिंदी** में लिखिए :—

"एक घण्टे का समय कहाँ व्यतीत करे, उसकी कुछ समझ में नहीं आ रहा था। तभी उसने एक पत्रिका खरीदी और पास में पड़ी एक बेंच पर बैठकर पढ़ने लगी। हर दस मिनट के बाद उसकी नजर घड़ी पर चली जाती। एक-एक पल काटना कठिन हो रहा था।"

(i) यहाँ कौन कहाँ इंतज़ार कर रहा है ? [2]

(ii) उसे यह समय बहुत लम्बा क्यों लग रहा है ? [2]

(iii) इस इंतज़ार का वास्तविक उद्देश्य क्या है ? स्पष्ट करें। [3]

(iv) "प्रस्तुत उपन्यास के शीर्षक की सार्थकता सिद्ध करें।" [3]

## एकांकी संचय

## EKANKI SANCHAY

**Question 14**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—
निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखें प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :—

"मेरी बेटी पहला सावन यहाँ बितायेगी, तुम्हारी बहन के सपने कभी पूरे नहीं होंगे और उसके सपनों के खून का दाग तुम्हारे हाथों और तुम्हारी माँ के आँचल पर होगा।"

**बहू की विदा : विनोद रस्तोगी**

**Bahu Ki Vida : Vinod Rastogi**

(i) प्रस्तुत कथन के वक्ता और श्रोता कौन हैं ? वक्ता की मानसिकता बताइए। [2]

(ii) यहाँ बहन के किस सपने की बात हो रही है ? क्या वह वास्तव में सपना होता है ? [2]

(iii) वक्ता ने बहन के सपने पूरे न हो पाने का जिम्मेदार किन्हें ठहराया और क्यों क्या वही इसके जिम्मेदार है ? आपके दृष्टिकोण से क्या वक्ता का व्यवहार उचित था ? तर्क सहित उत्तर दीजिए। [3]

(iv) इस एकांकी में समाज की किस ज्वलन्त समस्या की ओर ईशारा किया गया है ? इस समस्या से समाज में क्या स्थिति उत्पन्न हो रही है ? एकांकी का उदाहरण देते हुए स्पष्ट कीजिए। [3]

**Question 15**.

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—
निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखें प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :—

"तुम कुछ गा रही थी ? तुम संपूर्ण राजस्थान को एकता की श्रृंखला में बाँधकर देश की स्वाधीनता के लिए कुछ करने का आदेश दे रही थी। किंतु मैं तो इस श्रृंखला को तोड़ने जा रहा हूँ। दोनों जातियों में जानी-दुश्मनी पैदा करने जा रहा हूँ।"

मातृभूमि का मान : हरिकृष्ण 'प्रेमी'
**Maatr Bhumi Ka Maan : Hari Krishan 'Premi'**

(i) प्रस्तुत कथन का वक्ता कौन हैं ? श्रोता वक्ता को अपने गीत के माध्यम से क्या कहना चाह रही है ? [2]

(ii) वक्ता उस श्रृंखला को तोड़ने के लिए इच्छुक क्यों है ? [2]

(iii) यहाँ किन दो जातियों का उल्लेख किया गया है ? उनकी विशेषताएँ लिखिए। [3]

(iv) प्रस्तुत एकांकी के किस पात्र ने आपको सबसे अधिक प्रभावित किया ? नाम लिखते हुए एकांकी का उद्देश्य लिखिए। [3]

**Question 16**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—
निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखें प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए :—

"रूठ गए कुँवर ! रूठने से राजवंश नहीं चलते। जाओ विश्राम करो। देखो, तुम्हारे कपड़ों पर धूल छा रही है। दिनभर तलवार से खेलते रहे, थक गए होगे। जाओ, शैया पर सो जाओ। मैं तुम्हारी तलवार अलग रख दूँगी।"

दीपदान : डॉ. रामकुमार वर्मा
**Deepdaan : Dr. Ramkumar Verma**

(i) 'कुँवर का प्रयोग किसके लिए किया गया है ? उनके रूठने का कारण बताइए। [2]

(ii) उदय सिंह का ध्यान उत्सव से हटाने के लिए वक्ता ने उसे मनाते हुए, बहलाते हुए क्या कहा ? [2]

(iii) वक्ता का परिचय देते हुए उसकी दो चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए। [3]

(iv) वक्ता कुँवर को दीपदान का उत्सव देखने से क्यों रोकना चाहती थी ? एकांकी के अन्त में उसने देशभक्ति तथा राजभक्ति किस प्रकार से दिखाई थी ? [3]